Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-03-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Regarding problems being faced by P.C.O. operators in the Country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान संपूर्ण देश में लगभग 10 लाख पी.सी.ओ. धारकों की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। वर्तमान में संचार क्रांति होने और सरकार द्वारा अपनाई गई नीति के कारण पी.सी.ओ. धारकों की समस्याओं में इजाफा हुआ है। संचार निगम द्वारा करार किया गया था कि पी.सी.ओ. धारकों को 20 प्रतिशत कमीशन दिया जाएगा। इस हेतु निगम ने पी.सी.ओ. धारकों से शिक्षित बेरोजगार होने का प्रमाणपत्र भी देने के लिए कहा था। वर्तमान नीति के अन्तर्गत सरकार ने टैरिफ कम कर दिए हैं और संपूर्ण भारत में लोकल कॉल की रेट पर बात हो रही है। उक्त नीति के कारण पी.सी.ओ. धारकों का कमीशन बहुत कम हो गया है जिससे पी.सी.ओ. धारक मुफलिसी के कगार पर हैं और उनकी स्थिति बहुत खराब है। जो पी.सी.ओ. धारका केवल पी.सी.ओ. खोलकर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं, उनके सामने रोजी-रोटी की बहुत बड़ी दिक्कत हो गई है कि वे इतने कम कमीशन में कैसे अपना और अपने परिवार का भरण-पोाण करें। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उनकी स्थिति को देखकर वह इस पर कोई न को कार्रवाई करे और उन्हें इतना कमीशन दिया जाए, जिससे वे अपना और अपने बच्चों का पेट पाल सकें।